# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **आदि कर्मयोगी अभियान में झारखंड सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में किया सम्मानित।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की राज्य के पहले टाइगर सफारी प्रोजेक्ट की समीक्षा, अधिकारियों को दिये कई महत्वपूर्ण निर्देश।**
- **राज्य के दो मेडिकल कॉलेजों में 100 सीटें बढ़ी, अन्य चार कॉलेजों मे भी सीट बढ़ोतरी का प्रस्ताव प्रक्रिया में।**
- **रांची समेत राज्यभर में आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है धनतेरस का त्यौहार, खरीददारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़।**
- **20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ समापन, हजारीबाग बना ओवरऑल चैंपियन, रांची को दूसरा स्थान।**

********************

जनजातीय सशक्तीकरण के क्षेत्र में झारखंड राज्य ने एक बार फिर देशभर में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। केन्द्र सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए झारखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य घोषित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में इस उपलब्धि के लिए राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी को सम्मानित किया। हजारीबाग, सरायकेला–खरसांवा और पाकुड़ को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लातेहार जिला में प्रस्तावित राज्य के पहले टाइगर सफारी प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन देखा। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के समक्ष अधिकारियों ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट से संबंधित विस्तृत जानकारी रखी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस महात्वाकांक्षी परियोजना को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

********************

राज्य में एमबीबीएस की 100 सीटें बढ़ गई हैं। जमशेदपुर स्थित एमजीएम कालेज एवं अस्पताल में 50 सीटें बढ़ी हैं। इतनी ही सीटें निजी क्षेत्र में स्थापित मणिपाल टाटा मेडिकल कालेज में भी बढ़ी है। नेशनल मेडिकल कमीशन ने 2025–26 शैक्षणिक सत्र के लिए एमबीबीएस की सीट मैट्रिक्स जारी की है, जिसमें दोनों मेडिकल कालेजों में 50–50 सीटें बढ़ने की जानकारी साझा की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि अन्य चार कॉलेजों में भी सीट बढ़ोतरी का प्रस्ताव प्रक्रिया में है।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। देशभर से कई लोगों ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में जीएसटी सुधारों पर अपनी राय साझा की।

********************

इधर, झारखंड में भी जीएसटी सुधार से लोग खुश हैं। सिमडेगा में ऑटोमोबाइल क्षेत्र में मांग काफी बढ़ गयी है। लोगों का कहना है कि जीएसटी दरों में कटौती से गाड़ियों की कीमत काफी कम हुई है।

********************

झारखंड विधानसभा की 25वीं वर्षगांठ के आयोजन की तैयारियों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने रांची में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में स्पीकर ने कहा कि विधानसभा स्थापना दिवस समारोह दो सत्रों में, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किए जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने आयोजन से संबंधित समितियों का गठन करने और सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने का निर्देश प्रभारी सचिव को दिया।

********************

राज्य के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बोकारो में कहा कि निजी कंपनियां मानव श्रम की भर्ती के लिए स्थानीय नियोजनालय से संपर्क करें, ताकि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके। पेटरवार स्थित जल संसाधन विभाग के गेस्ट हाउस सभागार में सीसीएल और ओएनजीसी के महाप्रबंधक, प्रबंधक एवं अन्य

प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने सभी कंपनियों को राज्य सरकार द्वारा बनाए गए एसओपी का शत–प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया।

*********************

पाकुड जिले में यक्ष्मा मुक्त भारत अभियान जनांदोलन का रूप लेने लगा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*********************

रांची समेत राज्यभर में आज हर्षोल्लास के साथ धनतेरस का त्यौहार मनाया जा रहा है। खरीददारी के लिए बाजार में सुबह से ही अच्छी भीड़ देखी जा रही है। ग्राहकों की भीड़ देखकर व्यवसायी और दुकानदार भी उत्साहित हैं। व्यवसाइयों ने इस बार राज्य में करीब 2 हजार करोड़ रुपये के कारोबार की संभावना व्यक्त की है। इस बार जीएसटी दरों में कटौती के कारण कारोबार में वृद्धि की उम्मीद की जा रही है।

*********************

मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के अधिकांश जिलों में हल्के बादल छाये रहने की संभावना व्यक्त की है। हालांकि इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। मौसम पूर्वानुमान में बताया गया है कि 19 अक्तूबर तक कोई बड़े फेरबदल की उम्मीद नहीं है लेकिन 20 अक्तूबर यानी दीपावली के दिन राज्य के दक्षिण और पश्चिम भाग में कहीं–कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

*********************

रांची के जैप–1 ग्राउंड में आयोजित 20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट 2025 का समापन हो गया है। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में हजारीबाग रेंज ओवर ऑल चैंपियन रहा, जबकि रांची टीम दूसरे स्थान पर रही। समापन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की जिम्मेवारी वर्तमान समय में चुनौतियों से भरा है।

*********************

**अख़बारों की सुर्खियां**–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने घाटशिला उपचुनाव के नामांकन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष के शामिल होने की खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर ने लिखा है**–बिहार में बना मिलावटी पनीर खा रहा झारखंड, इसमें 90 प्रतिशत आरारोट, किडनी खराब होने का खतरा।

**प्रभात खबर की सुर्खी है**–बाजार में आज होगी धनवर्षा।

**हिन्दुस्थान ने** कुड़मी को एसटी दर्जा की मांग के खिलाफ आदिवासियों द्वारा निकाली गयी हुंकार रैली को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**दैनिक जागरण के शब्द हैं**–अधिवक्ता ने जज से कहा–हद में रहें, हाईकोर्ट ने तय किया अवमानना का आरोप।

*********समाप्त********